web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 12 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 316

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बांग्लादेश भाग रहे रोहिंग्याओं पर ड्रोन से हमला, 200 से अधिक लोगों की मौत

**ढाका ।** म्यांमार से एक बार फिर रोहिंग्याओं को लेकर एक दर्दनाक खबर सामने आई है। देश छोड़कर बांग्लादेश भाग रहे रोहिंग्याओं पर ड्रोन के जरिए हमला किया गया है। इसमें 200 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, चश्मदीदों ने बताया कि लोग अपनों की तलाश के लिए लाशों के ढेर को उलटते-पलटते दिखे। गवाहों, कार्यकर्ताओं और एक राजनयिक ने इस ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए बताया कि ये लोग हमला पड़ोसी देश बांग्लादेश से लगते बॉर्डर पर हुआ। अधिकारियों ने इसे रखाइन प्रांत में हुआ सबसे खतरनाक हमला करार देते हुए बताया कि इसमें एक गर्भवती महिला और उसकी 2 साल की बेटी की भी मौत हो गई। इस हमले के लिए मिलिशिया और म्यांमार की सेना ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया। आरोप है कि ये हमला तब हुआ जब बांग्लादेश की सीमा पर लोग उस पार जाने का इंतजार कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार,सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में कीचड़ भरी जमीन पर शवों के ढेर बिखरे हुए दिख रहे हैं और उनके आसपास पड़े हुए उनके सूटकेस और बैकपैक दिखाई दे रहे हैं। जीवित बचे तीन लोगों ने कहा कि 200 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि एक अन्य शख्स ने कहा कि 70 से अधिक लोगों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला म्यांमार के तटीय शहर माउंगडॉ के ठीक बाहर हुआ। एक गवाह, 35 वर्षीय मोहम्मद इलियास ने कहा कि उनकी गर्भवती पत्नी और 2 वर्षीय बेटी हमले में घायल हो गईं और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। इलियास ने बताया कि जब ड्रोन ने भीड़ पर हमला करना शुरू किया तो वह उनके साथ समुद्र तट पर खड़ा था।

### जिम्बाब्वे में दो सड़क दुर्घटनाओं में 13 की मौत

**हरारे ।** जिम्बाब्वे में दो सडक़ दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता पॉल न्याथी ने बीती देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मासविंगो और गोकवे में हुई दो सडक़ दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है। पहली दुर्घटना मासविंगो प्रांत के मासविंगो शहर में बीती शाम स्थानीय समयानुसार करीब 4.30 बजे हुई। ढलान से गुजरते समय बस पर से चालक का नियंत्रण खत्म हो गया और हादसा हो गया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 99 लोग घायल हो गए। न्याथी ने बताया कि दूसरी दुर्घटना मिडलैंड्स प्रांत के गोकवे शहर के बाहर शाम करीब 6 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई। इसमें एक कार के गड्ढे में फंसने और फिर एक वैन से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए।

### पंजाब मेल में आग लगने की अफवाह, 50 किमी/घंटे की स्पीड पर चल रही ट्रेन से कूदे 30 यात्री

**शाहजहांपुर (आरएनएस)।** शाहजहांपुर में पंजाब मेल एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। इस बीच यात्री अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। वहीं 50 किमी/घंटे की स्पीड से चल रही ट्रेन से करीब 30 यात्री कूद गए। जिस कारण 20 यात्री घायल हो गए और 6 की हालत गंभीर बनी हुई है। दरअसल, पंजाब मेल (ट्रेन नंबर-13006) अमृतसर से हावड़ा जा रही थी। बरेली में रुकने के बाद ट्रेन शाहजहांपुर के लिए रवाना हुई। करीब 60 किमी चलने के बाद ट्रेन बहगुल नदी के पुल के करीब पहुंची। तभी किसी यात्री का हाथ आग बुझाने वाले इक्विपमेंट पर लग गया। इक्विपमेंट गैलरी में गिर गया, जिससे उसकी नॉब निकल गई और आग बुझाने वाला केमिकल निकलने लगा। ये देखकर यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गई है। फिर कोच में भगदड़ मच गई। यात्री एक-दूसरे को रौंदते हुए दूसरे गेट की तरफ भागने लगे। जिस वक्त कोच में यह सब हो रहा था, आधी ट्रेन बहगुल नदी के पुल पर पहुंच गई थी। गेट पर खड़े यात्री चलती ट्रेन से कूद गए और 30 फीट नीचे आकर गिरे। ट्रेन रुकते ही चालक और गार्ड ने कोच की जांच की। सब कुछ ठीक निकला। करीब 45 मिनट तक ट्रेन कटरा स्टेशन के पास बहगुल नदी के पुल पर खड़ी रही। इसके बाद ट्रेन को शाहजहांपुर के लिए रवाना किया गया।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी

**जम्मू । आरएनएस**



जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई।अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी किश्तवाड़ जिले के पद्दार बटम ब्रिज इलाके में हुई। फिलहाल वहां तलाशी अभियान जारी है।

इस बीच, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना ने अनंतनाग में कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया।

शनिवार को कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग के अहलान गंडोले इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो थे। वहीं, तीन जवानों और दो नागरिकों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

सेना ने कहा कि दोनों घायल नागरिकों के आतंकी इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

सेना ने शनिवार शाम को कोकरनाग मुठभेड़ पर बयान देते हुए कहा कि 5 अगस्त 2024 को मानव और इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से पहले ही पुष्टि हो चुकी थी कि 24 जुलाई डोडा क्षेत्र में अत्याचारों और घटनाओं के लिए जिम्मेदार आतंकवादी किश्तवाड़ रेंज को पार करके दक्षिण कश्मीर के कापरान गरोल क्षेत्र में घुस आए हैं। राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तब से लगातार इन आतंकवादियों पर नजऱ रखी और 9 और 10 अगस्त 2024 की रात को कापरान के पूर्व में पहाड़ों में सटीक अभियान चलाया गया, जहां कथित तौर पर ये आतंकवादी छिपे हुए थे।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा, पैरा कमांडो भी उतारे गए

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त गोलीबारी हुई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, किश्तवाड़ पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच संक्षिप्त गोलीबारी हुई है। सर्च ऑपरेशन जारी है। इस बीच, सुरक्षा बलों द्वारा छह अगस्त को आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित होने के बाद उधमपुर जिले के बसंतगढ़ वन क्षेत्र में भी तलाशी ली जा रही है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को कठुआ जिले के कुछ हिस्सों में हाल के दिनों में देखे गए आतंकवादियों के स्केच भी जारी किए हैं। पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए, जिन्हें आखिरी बार मल्हार, बानी और ढोक में देखा गया था।

10 अगस्त को लगभग दो बजे संदिग्ध हलचल देखी गई थी। आतंकवादियों ने तुरंत अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें सेना के दो जवान और आसपास के दो नागरिक घायल हो गए।

जिस इलाके में मुठभेड़ हुई, वह 10,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर है और वहां घने जंगल, बड़े-बड़े पत्थर और नाले हैं, जो ऑपरेशन के लिए गंभीर चुनौती पेश करते हैं। सेना ने कहा कि सुरक्षा बल आतंकवादियों की तलाश में जुटे हैं।

## बिहार में बड़ा हादसा : बागमती नदी में नाव पलटी, 12 लोग डूबे- रेस्क्यू आपरेशन जारी



**खगड़िया (आरएनएस)।** बिहार के खगडिय़ा में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां मानसी थाना क्षेत्र के खिरनिया गांव के पास बागमती नदी में एक नाव डूब गई, जिससे नाव पर सवार सभी 12 लोग नदी में डूब गए। मिली जानकारी के अनुसार अब भी 2 लोगों के लापता होने की बात बताई जा रही है। बताया जा रहा है की सभी लोग नाव पर सबार होकर परवल तोडऩे के लिए दियारा इलाके में जा रहे थे इसी दौरान नाव डूब गई। डूबे हुए 2 लोगों की खोजबीन स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। एनडीआरडी और एसडीआरएफ़ की टीम को भी सूचना दी गयी है। नाव डूबने की घटना के बाद खिरनिया गांव में चीख-पुकार मच गयी है। नदी किनारे लोगों की भीड़ जुट गयी है। किसी तरह 10 लोगों को डूबने से बचाया गया। वहीं, दूसरे नाव से 10 लोगों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि गांव के लोग अक्सर नाव के सहारे दियारा इलाका में सब्जी तोडऩे जाते हैं।

## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का 95 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली । आरएनएस**



पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह का शनिवार रात निधन हो गया। ये जानकारी उनके पारिवारिक सूत्रों ने दी। वे 95 वर्ष के थे और गुरुग्राम के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें यहां लगभग दो सप्ताह पहले भर्ती कराया गया था। पूर्व राजनयिक ने 2004-05 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया।

उन्हें 1953 में भारतीय विदेश सेवा के लिए चुना गया था, जिसे उन्होंने 1984 में छोड़ दिया। फिर वो कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान के भरतपुर से चुनाव लड़े और लोकसभा सांसद बने। 1985 में, उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई और उन्हें इस्पात, कोयला और खान तथा कृषि विभाग आवंटित किए गए। 1986 में, वे विदेश मामलों के राज्य मंत्री बने। उन्होंने पाकिस्तान में भारत के राजदूत के रूप में भी काम किया।

सिंह को 1987 में न्यूयॉर्क में आयोजित निरस्त्रीकरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 42वें सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी किया था। उन्होंने 'द लिगेसी ऑफ नेहरू: ए मेमोरियल ट्रिब्यूट', 'टेल्स फ्रॉम मॉडर्न इंडिया', 'ट्रेजर्ड एपिस्टल्स' और आत्मकथा 'वन लाइफ इज नॉट इनफ' सहित लगभग एक दर्जन किताबें भी लिखीं। सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार रविवार को दिल्ली में किया जाएगा, जिसमें शामिल होने के लिए राजस्थान से उनके परिवार के कई सदस्य दिल्ली आ रहे हैं।

## सीएएस के एकमात्र मध्यस्थ 13 अगस्त को विनेश फोगाट मामले में सुनाएंगे फैसला

**नई दिल्ली । आरएनएस**



कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) के एड-हॉक डिवीजन ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विनेश फोगाट की अपील पर अपना फैसला सुनाने के लिए सोल आर्बिट्रेटर को अधिक समय दिया है। पेरिस ओलंपिक में दूसरे दिन के वेट-इन में 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल फ़ाइनल से विनेश को अयोग्य करार दिया गया था।आईओए के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि सीएएस के तदर्थ प्रभाग ने एकमात्र मध्यस्थ माननीय के लिए समय बढ़ा दिया है। विनेश फोगाट बनाम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी मामले में डॉ. एनाबेले बेनेट 13 अगस्त 2024 को शाम 6:00 बजे तक फैसला देंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक अधिकारी ने शनिवार को आईएएनएस को बताया कि तर्कसंगत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आईओए एक प्रभावित पक्ष के रूप में मामले का हिस्सा बन गया है।

इस मामले में लडऩे वाले पक्षों को यदि वे चाहें तो कोई अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण देने के लिए 11 अगस्त तक का समय दिया गया है।

इससे पहले शनिवार सुबह सीएएस के एड-हॉक डिवीजन ने कहा था कि वह शनिवार को शाम 6:00 बजे (भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे) पहलवान फोगाट के मामले पर अपना फैसला सुनाएगा।

विनेश ने 50 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है और पेरिस ओलंपिक में युस्नेलिस गुज़मैन लोपेज के साथ साझा रजत पदक से सम्मानित होने के लिए सीएएस का दरवाजा खटखटाया है।

एकमात्र मध्यस्थ डॉ. एनाबेले बेनेट एसी एससी (ऑस्ट्रेलिया) ने सभी पक्षों - आवेदक विनेश फोगाट, प्रतिवादियों यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ-साथ इच्छुक पक्ष के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ को तीन घंटे तक सुना।

पैनल पहले ही पक्षों को सुन चुका है, जिन्हें सुनवाई से पहले अपनी विस्तृत कानूनी दलीलें दाखिल करने और फिर मौखिक दलीलें पेश करने का अवसर दिया गया था। एकमात्र मध्यस्थ द्वारा यह संकेत दिया गया था कि आदेश का ऑपरेटिव भाग जल्द ही आने की उम्मीद की जा सकती है, उसके बाद पालन करने के कारणों के साथ एक विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा।

## बाणगंगा नदी में नहाने उतरे युवक बना रहे थे रील, 7 युवकों की डूबने से मौत

**जयपुर । आरएनएस**



राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना थाना इलाके में बाणगंगा नदी में नहाते समय 7 युवकों की डूबने से मौत हो गई। सभी की उम्र 18 से 22 साल के बीच है। जानकारी के अनुसार ये युवर नदी में नहाते समय रील बना रहे थे।

जिला कलेक्टर अमित यादव ने बताया कि श्रीनगर निवासी पवन जाटव (20) पुत्र उदय सिंह, सौरभ जाटव (14) पुत्र तान सिंह, भूपेंद्र जाटव (18) पुत्र दशरथ, शांतनु जाटव (18) पुत्र खेमसिंह, लक्की जाटव (20) पुत्र प्रीतम सिंह, पवन सिंह जाटव (22) पुत्र सुगनसिंह और गौरव जाटव (16) पुत्र प्रकाश की मौत हो गई। इनमें पवन, सौरभ और गौरव चचेरे भाई है। उन्होंने बताया कि नदी में नहाने उतरे ये युवक वहां रील बना रहे थे। इसी दौरान डूब गए। एक युवक खुद ही जैसे-तैसे बाहर निकल आया, जिससे उसकी जान बच गई।

विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया- युवक बाणगंगा नदी में नहाने गए थे। एक-एक कर सभी उसमें नहाने के लिए उतर गए थे। पानी से बाहर निकले युवक ने गांव में लोगों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी 7 शवों को बाहर निकाला गया। सभी युवकों के शव एक ही जगह मिले हैं। पांच शव झील का बाड़ा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। बच्चे घर पर ये कहकर गए थे कि हम नदी देखने जा रहे हैं। हमें घटना का बाद में पता चला। मैं खेत में था। हल्ला मचा तो मैं गांव पहुंचा। वहां 100-200 लोग नदी के किनारे जुटे थे। जिला कलेक्टर अमित यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह- पोखर,नदी, रपट में न उतरें। गंभीर नदी और बाकी नदियों के किनारों से दूर रहें।

## जयपुर के एनआरआई सर्किल पर भीषण हादसा, कार-ट्रक टक्कर में तीन की मौत

**जयपुर । आरएनएस**



बीती रात जयपुर के प्रताप नगर एनआरआई सर्किल पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो छात्र और एक ड्राइवर शामिल थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार प्रताप नगर से जवाहर सर्किल की ओर जा रही थी, जब यह तेज रफ्तार से आकर ट्रक से टकरा गई। ट्रक में सब्जियों का भरा हुआ था और ड्राइवर उसे मोडऩे का प्रयास कर रहा था।

रामनगरिया थाने के डीओ रमेश कुमार ने बताया कि हादसे के बाद कार में अमीष (19) पुत्र राजीव वाधवा और वेदांत (19) पुत्र गिरधर आहलूवालिया को गंभीर हालत में पाया गया। दोनों को तुरंत महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

कार का ड्राइवर कार के अंदर बुरी तरह से फंसा हुआ था। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव निकाला जा सका, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया है।

वेदांत विदेश में पढ़ाई कर रहा था और छुट्टियों में जयपुर आया हुआ था, जबकि अमिष जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बीबीए का छात्र था। पुलिस ने मृतकों के परिवारों को रात में ही सूचना दे दी थी, और आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर पैदा कर दी है, और लोगों में तेज रफ्तार और सडक़ सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## 65 फसलों की 109 प्रजातियों के बीज से किसानों का मुनाफा तय : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली । आरएनएस**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 109 किस्म के बीजों को कृषकों के लिए बहुपयोगी करार दिया। उन्होंने दावा किया कि इससे उनके जीवन में बदलाव आएगा और प्राकृतिक खेती के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 65 फसलों की 109 किस्म के बीज जारी किए और सवाल इस पर ही पूछा गया था।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, पीएम मोदी लैब से सीधे जमीन तक जानकारी चाहते थे। 65 फसलों की 109 किस्म के बीज राष्ट्र को समर्पित किया गया है। 109 किस्म के बीज किसानों का जीवन भी बदलेंगे, मुनाफा भी बढ़ाएंगे, जनता के पोषण के लिए उपयोगी होंगे और निर्यात को भी बढ़ाएंगे।

उन्होंने पीएम मोदी की बात का जिक्र करते हुए कहा, किसानों के पास सवाल थे और वैज्ञानिकों ने जवाब दिए। उन्होंने पीएम मोदी से बातचीत भी की। पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों को सुझाव भी दिए। किसानों की आय में सुधार करना हमारा एक संकल्प है। यह निरंतर प्रक्रिया है, जो बीज आज जारी किए गए हैं, उन्हें प्रजनक से आधार बीज बनने में एक साल लगेगा। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती में हम रसायनों का उपयोग नहीं करते, लेकिन प्राकृतिक खेती में हम स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद का उपयोग करते हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए हमें जलवायु के अनुकूल बीज तैयार करने को कहा गया, जो आगामी दिनों में अच्छे परिणाम दे। किसानों के लिए 109 किस्म की बीज तैयार की गई है।

## मध्य प्रदेश में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट घायल; इंजन फेल होने की आशंका

**गुना । आरएनएस**



मध्य प्रदेश के गुना जिले में रविवार को शा-शिब एविएशन एकेडमी का एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलट घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार, गुना हवाई पट्टी से रविवार दोपहर एक प्रशिक्षु विमान (टू सीटर एयरक्राफ्ट 152) ने उड़ान भरी। उड़ान भरने के बाद एयरक्राफ्ट का संतुलन बिगड़ा और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आधिकारिक तौर पर दुर्घटना की वजह का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि इंजन में कोई गड़बड़ी आने के बाद ही हादसा हुआ है। हादसे के बाद विमान का मलबा बिखरा हुआ है और वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच चुकी है। इस मामले में अधिकारियों की ओर से किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। जांच के लिए जरूर अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं।

गुना कैंट थाना के प्रभारी दिलीप राजोरिया ने बताया कि गुना एयरपोर्ट से साढ़े 12 बजे एक ट्रेनी विमान ने उड़ान भरी थी। दो पायलट इसे टेस्ट उड़ान के लिए ले जा रहे थे, उड़ान के बाद इन्हें लैंड करना था। लेकिन, यह एयरक्राफ्ट हवाई पट्टी पर लैंड नहीं होकर पेड़ और झाड़ियों के बीच क्रैश हो गया। दोनों पायलट को संजीवनी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है, जहां उनकी हालत खतरे के बाहर है।

इसी साल के मार्च महीने में भी गुना में एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस प्रशिक्षु विमान ने सागर स्थित ढाना हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी और इस विमान को प्रशिक्षु महिला पायलट उड़ा रही थी। गुना के पास विमान में खराबी आई और महिला पायलट ने लैंडिंग की अनुमति मांगी, लैंडिंग के दौरान विमान का नियंत्रण बिगड़ा और वह झाडिय़ों में जा गिरा था। राज्य में कई स्थानों पर पायलटों को प्रशिक्षण देने वाली अकादमी काम कर रही है। इन स्थानों पर पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बीते कुछ समय में कई स्थानों पर प्रशिक्षु विमान हादसे का शिकार हुए हैं। गुना में ही दो हादसे हुए हैं।